भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 735
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो का प्रतिवेदन

735. श्री सुब्बारायण के.:
श्री सेल्वाराज वी.:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जून, 2025 को एआई 171 ड्रीमलाइनर दुर्घटना के बारे में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके निष्कर्ष क्या हैं और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख)**:** वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जाँच) नियमावली, 2025 के अनुसार दिनांक 12.06.2025 की दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और यह उनकी वेबसाइट www.aaib.gov.in पर उपलब्ध है। इस रिपोर्ट में उस समय उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तथ्यात्मक जानकारी शामिल है। इस घटना की जांच जारी है। दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है। जांच के पूरा होने पर अंतिम जांच रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी।

*****